प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. सर्वोच्च न्यायालय ने आज वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता मामले में दी 15 मई की तारीख : अगले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई की पीठ के समक्ष रखा जायेगा केस।
2. संभल म एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाने पर 33 स्कूलों पर हुई कार्रवाई : जिलाधिकारी ने लगाया एक–एक लाख रुपये का जुर्माना।
3. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर की बैठक : विश्वविद्यालयों को सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।

और

4. केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने आज बदायूं में वन स्टॉप सेंटर का किया उद्‌घाटन : कहा– महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है केंद्र सरकार।

————————

सर्वोच्च न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता से संबंधित मामले को इस महीने की 15 तारीख को अगली सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ

अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। इस सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्होंने जवाबी हलफनामे का बहुत गहराई से अध्ययन नहीं किया है। न्यायामूर्ति खन्ना ने कहा कि वे अगले मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई की पीठ के समक्ष इस मामले को पोस्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि वे मुद्दों का अध्ययन करने के लिए न्यायमूर्ति गवई को कुछ समय देंगे। न्यायमूर्ति गवई इस महीने की 14 तारीख से भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश का कार्यभार ग्रहण करेंगे।

———————

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को भारतीय नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका को आज खारिज कर दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता भी है, जो भारतीय कानून का उल्लंघन है, क्योंकि भारत में दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले में याचिका को विचाराधीन रखने का कोई औचित्य नहीं है।

———————

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मामले में वजूखाना के एएसआई सर्वेक्षण की मांग पर दाखिल पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई 4 जुलाई तक टाल दी है। सुप्रीम कोर्ट

के स्थगन आदेशको यथावत मानते हुए कोर्ट ने ग्रीष्म अवकाश के बाद सुनवाई करने की बात कही है। साथ ही संबंधित पक्षों को जवाब दाखिल करने के लिए फिर से निर्देश दिया गया है।

————————

संभल में एनसीईआरटी की पुस्तक की जगह निजी प्रकाशकों की पुस्तकों को चलाने को लेकर 33 स्कूलों पर जिलाधिकारी ने कार्रवाई की है। ज़िलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने सभी 33 स्कूलों पर एक–एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इन सभी स्कूलों को एक सप्ताह के भीतर जुर्माना अदा करने का आदेश दिया है।

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2025 की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति और वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअली शामिल हुए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*बैठक में राज्यपाल ने 1 जून से 21 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की श्रृंखला में आयोजित किए जाने वाले योग कार्यक्रमों को रचनात्मक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित 10 प्रमुख गतिविधियों के प्रति विश्वविद्यालयों को जागरूक किया और इन योजनाओं में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राज्यपाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब केवल एक प्रतीकात्मक दिवस नहीं, बल्कि एक वैश्विक जनांदोलन बन चुका है, जिसके माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली,*

*मानसिक संतुलन, सामाजिक समरसता और पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा दिया जा रहा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

**केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने आज बदायूं में वन स्टॉप सेंटर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश भर में 700 से ज्यादा वन स्टॉप सेंटर बनाकर पीड़ित महिलाओं की मदद की जा रही है। बाइट....**

*एक हजार पाँच सौ सतहत्तर बेटी महिलाओं के लिए यह काउंसलिंग के रूप में सेवाएं देने का काम भी हुआ और इस प्रकार के वन स्टॉप सेंटर पूरे देश भर में सात सौ से ऊपर इस समय तक चल रहे हैं तो बहुत बेहतर तरीके से सुविधाएं देने का काम उन हिंसा से पीड़ित मरीज रैली हिंसा हो या कोई अन्य हिंसा हो, उससे पीड़ित बेटियों के लिए महिलाओं के लिए यह सुविधाएं देने का काम होगा।*

————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के लारी कार्डियोलॉजी विभाग का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हालचाल जाना और अस्पताल की चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री पाठक ने मरीजों से बातचीत करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और अस्पताल प्रशासन को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

————————

प्रदेश में आज से मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत एक राज्यव्यापी मृदा नमूना संकल्न अभियान का शुभारंभ किया गया है। खरीफ सीजन के लिए निर्धारित 11 लाख 56 हजार मृदा नमूनों के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। अमरोहा में आज जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अभियान का शुभारंभ किया। किसानों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि मृदा परीक्षण खेतों की मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है और यह किसानों के लिए भी अनेक प्रकार से लाभदायक है। जौनपुर के मृदा प्रशिक्षण प्रयोगशाला प्रभारी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत मृदा जांच रिपोर्ट के आधार पर किसानों को जरूरत के हिसाब से उर्वरक के इस्तेमाल की सलाह दी जाएगी। बाइट.....

*इसका मेन उद्देश्य किसानों को जागरूक करना है कि वो अपने खेत में जो अंधाधुंध फर्टिलाइजर डाल रहे हैं जो किसान की लागत बढ़ती जा रही है उसको कम करने के उद्देश्य से हम लोग ये मिट्टी की जाँच करा रहे हैं। जो उनका जाँच आता है उसके हिसाब से इधर से रिकमेंडेशन दिया जाता है कि आप डी ए पी यूरिया और एमओपी कितने अमाउंट में प्रति हेक्टेयर आपको डालनी है। उसके साथ हम जैविक का भी उपयोग करने के लिए बताते हैं।*

————————

**इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विश्वेश्वरैया पीएचडी योजना चरण–दो के तहत इलाहाबाद विश्वविद्याल के डॉ. नीलेश आनंद श्रीवास्तव के प्रस्ताव को स्वीकार कर 1 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय को तीन अतिरिक्त पीएचडी की सीटें भी मिली हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव आशीष खरे ने बताया कि यह विश्वविद्यालय क लिए गौरव की बात है। बाइट.....**

*पीएचडी फेलोशिप स्कीम एक बहुत ही प्रेस्टीजियस फेलोशिप स्कीम है जो कीअभी तक नॉर्मली आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी को ही मिलती थी। सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में हम लोगों ने पहली बार कोशिश किया और ये फेलोशिप हमको तीन रिसर्च स्कॉलर के साथ दिया है। इस फेलोशिप में रिसर्च स्कॉलर्स के लिए अच्छी खासी स्कॉलरशिप है और साथ साथ उनके विदेश जाने के अवसर भी है।*

————————

**कानपुर के चमनगंज इलाके में कल देर रात एक इमारत में आग लगने से पति–पत्नी और तीन बेटियों की मौत हो गई। जिस पांच मंज़िला इमारत में आग लगी**

उसकी पहली और दूसरी मंज़िल पर स्थित जूतों के कारखाने में आग लगने से यह हादसा हुआ है। दमकल की करीब 20 गाड़ियों, 70 फायर फाइटर्स और पुलिस कर्मियों ने कई लोगों को इमारत से बाहर निकाला। एडीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इमारत के निचले तल में शार्ट सर्किट की वजह से यह आग लगी।

————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आज बालिकाओं के मुकाबले में कबड्डी स्पर्धा में उत्तर प्रदेश की टीम ने तमिलनाडु को पराजित किया। यह मुकाबला राजगीर खेल परिसर में हुआ। इस आयोजन में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

————————

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज मेजबान सन राइराजर्स हैदराबाद का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से हो रहा है। अंक तालिका में हैदराबाद की टीम 10 मैचों में 6 अंकों के साथ 9 वें स्थान पर है, जबकि दिल्ली 10 मैचों में 12 अंकों के साथ 5वें नंबर पर है। हैदराबाद के लिए ये मैच काफी अहम है, क्योंकि अगर वो हारते हैं तो आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की रेस से आधिकारिक रूप से बाहर हो जाएंगे।

————————

प्रदेश के कई जनपदों में आज दिन भर रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग ने राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में अगले तीन दिनों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेशभर में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और धूलभरी आंधी चलने का भी अनुमान है।

(समाप्त)